प्रदर्शन | मंडी शुल्क के विरोध में कांग्रेस उद्योग और व्यापार प्रकोष्ठ ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

# मंडी शुल्क बढ़ने से किसान और व्यापारी परेशान



**नवभारत, कटनी।** मध्य प्रदेश कांग्रेस उद्योग और व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश सरकार के मंडी शुल्क को 1.5 प्रतिशत किए जाने के निर्णय के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर इस जनविरोधी निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि मंडी शुल्क में वृद्धि से प्रदेश के किसानों, व्यापारियों, लघु और मध्यम उद्योगों, आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। कृषि उपज के व्यापार की लागत बढ़ने से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलने में परेशानी होगी, वहीं उपभोक्ताओं तक आवश्यक वस्तुएं अधिक कीमत पर पहुंचेंगी। साथ ही पड़ोसी राज्यों की तुलना में अधिक शुल्क होने से व्यापार के पलायन, रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की भी आशंका है। जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अधिवक्ता अमित शुक्ला ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह निर्णय किसान और व्यापारी विरोधी है। कांग्रेस पार्टी किसानों, व्यापारियों और आम जनता के हितों की रक्षा के लिए सदैव संघर्ष करती रही है और यदि यह निर्णय वापस नहीं लिया गया तो कांग्रेस जनहित में व्यापक लोकतांत्रिक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। मध्य प्रदेश कांग्रेस उद्योग और व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री गोविन्द सचदेवा ने कहा कि किसी भी कर और शुल्क वृद्धि से पूर्व व्यापारिक संगठनों और किसान प्रतिनिधियों से व्यापक चर्चा आवश्यक है। बिना संवाद के लिया गया यह निर्णय प्रदेश के व्यापारिक वातावरण को प्रभावित करेगा। सरकार को तत्काल इस निर्णय पर पुनर्विचार कर मंडी शुल्क वृद्धि वापस लेकर किसानों और व्यापारियों को राहत प्रदान करनी चाहिए। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस उद्योग और व्यापार प्रकोष्ठ ने मांग की कि मंडी शुल्क को 1.5 प्रतिशत किए जाने का निर्णय तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए, व्यापारिक और किसान संगठनों से चर्चा कर नई नीति बनाई जाए और भविष्य में किसी भी शुल्क वृद्धि से पूर्व सभी संबंधित पक्षों से व्यापक विचार-विमर्श सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सरकार से जनहित में जल्द सकारात्मक निर्णय लेने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि मांगों पर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो प्रदेशभर में लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अधिवक्ता अमित शुक्ला, गोविंद सचदेवा, प्रेम बत्रा, राहुल होतवानी, मंगल सिंह, संजय गुप्ता, रमेश अहिरवार, इमरान खान, महेश रोचलानी, अजय कुमार कुशवाहा, हर्षित मिश्रा सहित कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## घर में रखे सोफे के अंदर घुसा पांच फीट लंबा कोबरा

**सूचना पर पहुंचे सर्प मित्र ने रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा**

**नवभारत, कटनी।** जिले में मानसून सक्रिय होते ही जिले में जहरीले जीव-जंतुओं के रिहायशी इलाकों में निकलने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। शुक्रवार को बरही वन परिक्षेत्र के अंतर्गत दो अलग-अलग स्थानों पर एक कोबरा और एक अजगर मिलने से लोगों में दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंचे सर्प मित्र ने दोनों का सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया। पहला मामला बरही थाना क्षेत्र के ग्राम करेला में सोनेलाल बर्मन के घर के बैठक कक्ष में रखे सोफा सेट के अंदर करीब 5 फीट लंबा कोबरा छिपा मिला। सांप को देखते ही परिवार के लोग घबराकर बाहर निकल आए और सर्प मित्र हैरिसन हैंड्री को सूचना दी। मौके पर पहुंचकर उन्होंने सावधानीपूर्वक कोबरा का रेस्क्यू किया। दूसरी घटना संदीप कॉलोनी की है, जहां शंकर वर्मा के मकान में करीब 5 फीट लंबा अजगर दिखाई दिया। घनी आबादी वाले क्षेत्र में अजगर मिलने की सूचना से लोगों की भीड़ जमा हो गई। सर्प मित्र ने मौके पर पहुंचकर अजगर को भी सुरक्षित पकड़ लिया। दोनों वन्य जीवों का रेस्क्यू करने के बाद वन विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार उन्हें सुरक्षित प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया। सर्प मित्र हैरिसन हैंड्री ने लोगों से कहा कि बारिश के मौसम में सांप दिखाई देने पर घबराएं नहीं और न ही उन्हें मारने का प्रयास करें। ऐसी स्थिति में तत्काल वन विभाग या प्रशिक्षित सर्प मित्रों को सूचना दें, ताकि मानव और वन्यजीव दोनों सुरक्षित रह सकें। आपको बतादें कि बारिश के मौसम में जीव-जंतू रिहायशी में आ रहे हैं।

### एक नजर में

## डिजिटल पहल से बढ़ी रफ्तार, निराकरण में वृद्धि

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम की राजस्व सेवाओं को पारदर्शी, तेज और नागरिक-अनुकूल बनाने के उद्देश्य से निगमायुक्त तपस्या परिहार द्वारा शुरू की गई ऑनलाइन नामांतरण व्यवस्था के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। मॉनिटरिंग और समय-सीमा में निराकरण के निर्देशों के फलस्वरूप राजस्व शाखा की कार्यकुशलता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। निगमायुक्त के निर्देशों के बाद माह जुलाई 2026 में कुल 162 नामांतरण प्रकरणों का निराकरण किया गया है। यह आंकड़ा विगत माहों की तुलना में लगभग 51 प्रतिशत अधिक है। ऑनलाइन प्रविष्टि और समयबद्ध प्रक्रिया से फाइलों के लंबित रहने की समस्या कम हुई है और नागरिकों को त्वरित राहत मिल रही है। राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से 30 जुलाई 2026 तक निगम कार्यालय में कुल 479 नवीन नामांतरण के प्रकरण प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त पिछले वित्तीय वर्ष के 155 प्रकरण भी लंबित थे। इस प्रकार कुल 634 प्रकरणों में से अब तक 476 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। शेष 158 प्रकरणों को ऑनलाइन दर्ज कर निर्धारित समय-सीमा में निराकरण की कार्रवाई जारी है। निराकरण में पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जा रही है।

## हत्या के आरोप में तीन आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

**खम्हरिया गांव में हुई हत्या के मामले में पुलिस ने की कार्रवाई**



**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले के ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम खम्हरिया में रास्ते और जमीन के विवाद में गुरुवार को अधेड़ की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि एक आरोपी फरार है।

थाना प्रभारी महिमा रघुवंशी ने बताया कि विवाद की मुख्य वजह खेत का रास्ता था। आरोपी अपने खेत से फरियादी पक्ष को आने-जाने नहीं देते थे। जब प्रहलाद कोल ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने रंजिश के कारण उन पर लाठी-डंडों और धारदार फावड़े से हमला कर दिया। घटना के बाद 28 जुलाई 2026 को प्रहलाद कोल की पत्नी सुखबरा बाई की रिपोर्ट पर ढीमरखेड़ा पुलिस ने मामला दर्ज किया। इलाज के दौरान 29 जुलाई को प्रहलाद की मौत हो गई, जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में हत्या का मामला दर्ज कर किया। हत्या के आरोप में पुलिस ने खम्हरिया गांव निवासी विदेशी उर्फ परदेशी कोल, कुलसिया बाई, संतराम कोल और रामरतन कोल को नामजद आरोपी बनाया। पुलिस टीम ने आरोपी विदेशी उर्फ परदेशी कोल, रामरतन कोल और कुलसिया बाई कोल को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में शामिल एक अन्य फरार आरोपी संतराम कोल फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस उसके संभावित ठिकानों में दबिश दे रही है।

कार्रवाई में ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी महिमा रघुवंशी, एएसआई जयपाल सिंह, विजेन्द्र तिवारी, प्रधान आरक्षक दीपक श्रीवास, आरक्षक पंकज सिंह, देवेन्द्र अहिरवार, अजय धुर्वे और गंधर्व सिंह की भूमिका रही।

## स्मृति चिन्ह देकर किया अभिनंदन, पारदर्शिता और ईमानदारी से पूरी की सेवा

**38 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए लेखापाल**





**नवभारत, उमरियापान।** जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 38 वर्षों की निष्कलंक, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ शासकीय सेवा पूर्ण करने के बाद लेखापाल केशव प्रसाद परौहा सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर ढीमरखेड़ा के मंगल भवन में भव्य और भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे, उपाध्यक्ष दुर्गा पारस पटेल, जनपद सदस्य, अधिकारी-कर्मचारी, सरपंच, सचिव और ग्राम रोजगार सहायकों ने काफी संख्या में उपस्थित होकर उनका सम्मान किया। समारोह में शॉल, श्रीफल, पुष्पमाला और स्मृति-चिह्न भेंट कर परौहा का अभिनंदन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने अपने 38 वर्षीय सेवाकाल में लगभग 34.5 वर्ष जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा औरप 3.5 वर्ष जनपद पंचायत बड़वारा में सेवाएं देते हुए वित्तीय कार्यों को पारदर्शिता, ईमानदारी और नियमों के अनुरूप संपादित किया। उनकी कार्यशैली, अनुशासन और सहयोगी स्वभाव हमेशा प्रेरणादायी रहेगा।

अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे ने कहा कि परौहा केवल कर्मचारी नहीं, बल्कि जनपद परिवार के अभिन्न सदस्य रहे हैं। वहीं उपाध्यक्ष दुर्गा पारस पटेल ने उनकी निष्कलंक सेवा और नए कर्मचारियों के मार्गदर्शन की सराहना की।

सरपंचों, सचिवों और रोजगार सहायकों ने भी उन्हें सरल, मिलनसार और हर समस्या का समाधान करने वाला अधिकारी बताया। अपने उद्बोधन में केशव प्रसाद परौहा भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि ढीमरखेड़ा की माटी और यहां के लोगों का स्नेह उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग के बिना 38 वर्षों की सफल सेवा संभव नहीं थी। समारोह के अंत में जनपद परिवार ने उन्हें उज्ज्वल, स्वस्थ और सुखमय सेवानिवृत्त जीवन की शुभकामनाएं देते हुए ससम्मान उनके निवास के लिए विदा किया।

## भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन किया जाना सर्वोच्च प्राथमिकता

**कलेक्टर ने किया ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण**





**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष तिवारी द्वारा त्रैमासिक निरीक्षण के तहत शुक्रवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन सदन पहुंचकर ईव्हीएम वेयर हाउस स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों और निर्वाचन शाखा के अधिकारी, कर्मचारियों की मौजूदगी रही। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार खोला गया और वहां स्थापित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, सील, अभिलेखों, अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया गया। निरीक्षण पूर्ण होने के बाद निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए वेयरहाउस को दोबारा सीलबंद किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना सर्वोच्च प्राथमिकता है।



## लाखों के आभूषण चोरी करने वाला पारधी गिरफ्तार

**बरही में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने किया खुलासा**

**नवभारत, कटनी।** जिले की बरही थाना पुलिस ने शुक्रवार को 25 लाख रुपए की चोरी के मामले का खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने भोपाल निवासी एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पुलिस ने चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण बरामद कर लिए हैं। वारदात में शामिल तीन अन्य आरोपी अभी फरार हैं जिनकी तलाश पुलिस टीम द्वारा की जा रही है। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि बरही थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 11, खितौली रोड पर स्थित प्रमोद लखेरा के सूने मकान में लाखों रूपए के आभूषणों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। जिसकी शिकायत 23 जुलाई 2026 को पीड़ित ने बरही थाने में दर्ज कराई थी। चोरी की वारदात दिनदहाड़े दोपहर साढ़े 12 बजे से शाम पौन 6 बजे के बीच अंजाम दी गई थी। अज्ञात चोरों ने मकान के पीछे का दरवाजा तोड़कर प्रवेश किया और तिजोरी का ताला तोड़कर 80,000 रुपए नकद सहित लगभग 20 से 25 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए थे। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद चोरों की तलाश शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के सहयोग से संदेह के आधार पर भोपाल के त्रिवेणी थाना क्षेत्र के गुनगा निवासी बनुसकोर पारदी को हिरासत में लिया। पूछताछ में संदेही ने अपने साथियों के साथ चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी पिछले 10 वर्षों से भोपाल छोड़कर अपनी सीहोरी जिले स्थित ससुराल डोनडी अमला जोड़ में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं वारदात में शामिल राजा पारदी, दंगा पारदी और कचरु पारदी अभी भी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

## नहीं किया 40 हजार का भुगतान, जनपद सीईओ ने तलब की रिपोर्ट

**सहायक यंत्री को दो दिन में जांच प्रतिवेदन देने के निर्देश**

**नवभारत, उमरियापान।** जिले की ढीमरखेड़ा जनपद की ग्राम पंचायत धरवारा में सीवर लाइन निर्माण कार्य के शेष 40 हजार के भुगतान को लेकर की गई शिकायत पर जनपद सीईओ यजुवेंद्र कोरी ने जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी यजुर्वेद कोरी द्वारा सहायक यंत्री को मामले की जांच कर दो दिन के अंदर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए कहा है। मामले की जानकारी कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को भी भेजी गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम पचपेढ़ी निवासी शैलेश बाजपेई ने ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत के सीईओ को दिए गए आवेदन में बताया है कि ग्राम पंचायत धरवारा में वर्ष 2025 के दौरान भल्लू कुम्हार के घर से पुलिया तक सीवर लाइन निर्माण का कार्य ग्राम पंचायत के सरपंच अमित गर्ग और पंचायत सचिव की लिखित सहमति के आधार पर उनके द्वारा कराया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार निर्माण कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण कर दिया गया था। शिकायत में कहा गया है कि कार्य पूर्ण होने के बाद उन्हें कुल 2 लाख का भुगतान किया गया, जबकि 40 हजार की शेष राशि आज तक लंबित है। उनका आरोप है कि उन्होंने कई बार ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव से बकाया भुगतान की मांग की, लेकिन बार-बार आश्वासन मिलने के बावजूद राशि का भुगतान नहीं किया गया। शिकायतकर्ता ने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि निर्माण कार्य के दौरान उपयोग की गई सामग्री और अन्य आवश्यक खर्चों का भुगतान उन्हें स्वयं करना पड़ा था। शेष राशि नहीं मिलने के कारण वे सामग्री आपूर्तिकर्ताओं और अन्य व्यापारियों का भुगतान समय पर नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप कर बकाया राशि दिलाने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा ने 29 जुलाई 2026 को कार्यालयीन पत्र जारी कर सहायक यंत्री को मामले की जांच का दायित्व सौंपा है। आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि शिकायत में लगाए गए आरोपों, निर्माण कार्य के अभिलेखों, भुगतान संबंधी दस्तावेजों और अन्य तथ्यों का परीक्षण कर दो दिवस के भीतर विस्तृत जांच प्रतिवेदन कार्यालय में प्रस्तुत किया जाए।

## प्रतिभा किरण योजना के आवेदन की अंतिम तिथि आज

**नवभारत, कटनी।** मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित 'प्रतिभा किरण योजना' के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 1 अगस्त है। पात्र छात्राएं निर्धारित समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से अपना आवेदन प्रस्तुत करें। यह योजना विशेष रूप से शहरी क्षेत्र की आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने हेतु संचालित की जा रही है। योजना के माध्यम से छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का उद्देश्य रखा गया है।

निरीक्षण | सीडब्ल्यूएसएस छात्रावास में निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर, बच्चों के साथ घुटनों पर बैठे, आत्मविश्वास की सराहना की

# अवसर और संसाधन मिलें तो कोई भी चुनौती सपनों की राह नहीं रोक सकती



**नवभारत, कटनी।** प्रेमनगर स्थित सीडब्ल्यूएसएन विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के छात्रावास में शुक्रवार को संवेदनशीलता, आत्मीयता और प्रेरणा का ऐसा दृश्य बना, जिसने वहां मौजूद हर व्यक्ति को भावुक कर दिया। कलेक्टर आशीष तिवारी जब छात्रावास पहुंचे तो उन्होंने औपचारिकता से दूरी बनाते हुए सीधे छात्रों की कक्षा में पहुंचकर घुटनों के बल बैठकर उनसे संवाद किया। इस आत्मीय व्यवहार ने छात्रों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी और कुछ ही क्षणों में पूरा वातावरण अपनत्व से भर उठा। कलेक्टर ने विशेष आवश्यकता वाले इन छात्रों से उनकी पढ़ाई, रुचियों और भविष्य के सपनों के बारे में बात की। छात्रों ने भी बिना किसी झिझक के पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने ज्ञान और कौशल का प्रदर्शन किया। यह संवाद केवल प्रश्न और उत्तर का नहीं, बल्कि विश्वास और प्रेरणा का संवाद बन गया। दृष्टिबाधित विद्यार्थियों साहिल काछी, अनुराग यादव, अजय पटेल, रोहित बर्मन, मनीष सपेरा और पर्वत सिंह ने ब्रेल लिपि में सहजता से पढ़कर और लिखकर अपनी दक्षता का परिचय दिया। अबेकस और टेलर फ्रेम की सहायता से उन्होंने गणितीय प्रश्नों का तेज़ और सटीक समाधान प्रस्तुत किया। वहीं डेज़ी प्लेयर, स्मार्टफोन और की-बोर्ड के माध्यम से अध्ययन कर उन्होंने यह संदेश दिया कि यदि अवसर और संसाधन मिलें तो कोई भी चुनौती उनके सपनों की राह नहीं रोक सकती। श्रवणबाधित विद्यार्थियों ने सांकेतिक भाषा के माध्यम से जिस आत्मविश्वास और सहजता से अपने विचार व्यक्त किए, उसने सभी को प्रभावित किया। उनकी प्रस्तुति ने यह एहसास कराया कि संवाद केवल शब्दों का नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास और सीखने की इच्छा का भी होता है। छात्रों की प्रतिभा और मेहनत से प्रभावित होकर कलेक्टर ने उन्हें अपनी ओर से कॉपी, पेन, चॉकलेट और बिस्किट भेंट किए। यह केवल उपहार नहीं, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति विश्वास और स्नेह का प्रतीक था। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने, आत्मविश्वास बनाए रखने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्रावास में संचालित रिसोर्स सेंटर, जूडो सेंटर और फिजियोथेरेपी सेंटर का भी अवलोकन किया।

उन्होंने शिक्षा, पुनर्वास और प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि विशेष आवश्यकता वाले प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक संसाधन और आवश्यक सहयोग निरंतर उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी जीवन की ओर आगे बढ़ सकें। इस अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक प्रेम नारायण तिवारी, एपीसी अनिल त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।





